# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✸ आष्टा ✸ भैरुंदा ✸ बुधनी ✸ बैरछा ✸ शुजालपुर ✸ सोनकच्छ ✸ कालापीपल ✸ हाटपीपल्या ✸ खातेगांव सीहोर, 20 फरवरी 2026

## न्यूज कार्नर

### रैन बसेरा मे पुस्तकें दान करने की अपील

**जागरण, सीहोर।** शहरी क्षेत्र मे संचालित आश्रय स्थल (रैन बसेरा मे आने वाले नागरिको को हिन्दी साहित्य व प्रेरणादायी पुस्तके ज्ञानवर्धक (जनरल नालेज) पढाने के लिए सुगमता से प्राप्त हो सके, उसके लिए सीएमओ नगर पालिका ने शहर के दानदाताओं से अपील की है कि वे पुस्तकों का दान रैन बसेरा में करके साहित्य को बढ़ावा देने मे सहयोग करें। रैन बसेरा नगरीय क्षेत्र गंगा आश्रम जिला अस्पताल के समीप एक रैन बसेरा नगर पालिका द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### आयुष्मान कार्ड बनाना अब और आसान

**जागरण, सीहोर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पोर्टल लिंक के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बना सकते है। इस लिंक पर जाकर सर्वप्रथम आपको आधार का ऑप्शन चुनना है। आधार का ऑप्शन चुनने के बाद उसमें स्कीम पर (पीएमज एवाई)चयन कर, राज्य का चयन करे (मध्यप्रदेश चुनेंगे) तदुपरांत अपना आधार नंबर डालेंगे। आधार नंबर डालने के बाद जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है उस पर ओटीपी आएगा और उस ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज कर देंगे आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। अगर उपरोक्त पोर्टल पर आपका नाम दर्ज नहीं है तो ऐसी स्थिति मे आप नजदीकी सीएससी सेंटर या लोक सेवा केन्द्र में जाकर संपर्क कर सकते है।

### भर्ती कैंप का आयोजन 19 से 24 फरवरी तक

**जागरण, सीहोर।** जिले के समस्त विकास खंडों में 19 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक सुरक्षा गार्ड भर्ती कैंप आयोजित किए जाएंगे है। भर्ती कैम्प में ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवाओं को एसएससीआई सिक्योरिटी गार्ड कंपनी नीमच द्वारा सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जाएंगे। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर आष्टा, 20 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर नसरुल्लागंज, 21 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर बुधनी, 23 फरवरी को जनपद पंचायत परिसर इछावर तथा 24 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत परिसर सीहोर में भर्ती कैंप आयोजित होंगे।

### किसान पंजीयन सात मार्च तक

**जागरण, सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत उप सचिव, म.प्र. शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से 7 मार्च 2026 तक किया जाएगा। उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में किया जाएगा। यदि किसी कारणवश आधार लिंक खाते में भुगतान संभव नहीं हो पाता है, तो पंजीयन के समय उपलब्ध कराए गए बैंक खाते में राशि अंतरित की जाएगी।

# धाम में साक्षात महादेव विराजमानः पं. देवकीनंदन ठाकुर

## साठ क्विंटल से अधिक हलवे का भोग लगाया, पांच क्विंटल फूलों से सजाया, फुलेरा दूज पर भोलेनाथ को धतूरा किया अर्पित



**जागरण, सीहोर।** गुरु केवल मार्ग नहीं दिखाते, वे वह दृष्टि देते हैं जिससे हम ईश्वर को देख सकें। मां शबरी का अपने गुरु मतंग ऋषि के प्रति अटूट विश्वास ही था, जिसने राम को उनकी कुटिया तक खींच लाया। श्रवण, सत्संग और जप का प्रभाव क्या होता है, माता शबरी को भगवान श्रीराम ने बताया था, श्रीराम ने माता शबरी से कहा कि मैं परीक्षा से नहीं मिलता मैं तो भरोसा और प्रतीक्षा से प्राप्त होता हूं। कहा जाता है कि जब ऋषि मतंग मृत्यु के निकट थे, तब वृद्धावस्था पा चुकीं शबरी ने उनसे पूछा कि आप जैसा ज्ञान, वैराग्य और प्रभु के दर्शन मुझे कैसे प्राप्त होंगे। ऋषि मतंग ने देह त्यागने से ठीक पहले उन्हें वरदान दिया कि निस्वार्थ सेवा के लिए तुम्हें न केवल प्रभु के दर्शन मिलेंगे, बल्कि भगवान राम खुद चलकर तुम्हारे पास आएंगे। तब से शबरी भगवान राम के आगमन की प्रतीक्षा में लग गयी थीं। उसके उपरांत उसकी मनोकामना पूरी हुई। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव के छठवे दिवस अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। देर रात्रि को समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित अन्य ने बाबा का पांच क्विंटल से अधिक फूलों से विशेष श्रृंगार किया था, वहीं गुरुवार को फुलेरा दूज के मौके पर यहां पर करीब पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पर दर्शन किए। श्रद्धालुओं को समिति की ओर से 200 क्विंटल से अधिक आटे की रोटी, 100 क्विंटल खिचड़ी, 90 क्विंटल से अधिक हलवे की प्रसादी और 20 क्विंटल नमकीन आदि की भोजन प्रसादी का वितरण किया।



### जरूरतमंदों की मदद में पीछे न हटेंः पं. मिश्रा

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि फुलेरा दूज के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल और धतूरा अर्पित किया। मध्य रात्रि से ही श्रद्धालु धाम पर पहुंचने लगे थे और भजन-कीर्तन में लीन रहे। शुक्रवार को कथा सुबह आठ बजे आरंभ होगी। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा में प्रतिदिन लाखों भक्त उपस्थित हो रहे हैं। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा-अगर हमारे पास धन, समय और वस्तुएं हैं तो जरूरतमंदों की मदद करने में पीछे नहीं हटना चाहिए। परोपकार सबसे बड़ा पुण्य है। व्यासपीठ पर पहुंचे कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान है, हमारे प्रिंय अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा का आदर करते हुए कहाकि कुबेरेश्वरधाम पर स्वयं महादेव विराजमान है, यहां पर भक्ति का महासागर उमड़ रहा है। पंडित श्री मिश्रा की सरलता, दिव्यता और भव्यता उनके कर्म, आचरण और स्वभाव में झलकती है। उनके पुत्र पंडित राघव मिश्रा भी उनकी तरह विनम्र है। मैं कामना करता हूं कि जो नाम पंडित श्री मिश्रा ने दुनिया में स्थापित किया उससे अधिक उनके पुत्र की कीर्ति बड़े।

### सनातन प्रीमियम लीग और सनातन धर्म संसद

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान व्यास पीठ का आशीर्वाद लेने पहुंचे प्रसिद्ध कथावाचक हमारे देवकीनंदन ठाकुर महाराज सनातन धर्म के पुनर्जागरण, संस्कृति संरक्षण और युवाओं को भारतीय परंपराओं से जोड़ने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। वे भागवत कथाओं के माध्यम से धर्म, संस्कार और राष्ट्र प्रेम का संदेश देते हैं, साथ ही सनातन प्रीमियम लीग और सनातन धर्म संसद जैसी पहलों के जरिए युवाओं को धर्म से जोड़ रहे हैं। बच्चों को उनकी रुचि की भाषा में सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए देश के प्रमुख कथाचार्य अब क्रिकेट की शरण में हैं। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 13 मार्च से देश का पहला सनातन प्रीमियर लीग होगा, जिसमें देशभर से चुनी आठ टीमें खेलेंगी। 15 मार्च को फाइनल होगा, जिसमें विजेताओं को ट्रॉफी दी जाएगी। प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने इसकी पहल की है। ट्रॉफी के खिलाड़ियों ने ही दिल्ली, जयपुर, सूरत, देहरादून सहित देशभर के विभिन्न स्थानों से खिलाड़ियों का चयन किया है। कई जगह दो-दो हजार खिलाड़ियों ने ट्रायल में हिस्सा लिया।

कथा के छठवें दिन उज्जैन से पधारे श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी रंगनाथ जी महाराज और प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज का भव्य स्वागत किया गया। स्वामी रंगनाथ जी ने गौ-सेवा और गौ-अभिवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया, वहीं देवकीनंदन ठाकुर जी ने सनातन बोर्ड' की मांग और सनातन प्रीमियर लीग' के माध्यम से युवाओं को धर्म से जो?ने की पहल की सराहना की। फुलेरा दूज का महत्व- पंडित श्री मिश्रा ने सभी भक्तों को फुलेरा दूज की बधाई देते हुए बताया कि आज ही के दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को धतूरा अर्पित किया था। उन्होंने कहा कि आज के दिन की गई भक्ति विशेष फलदायी होती है। सब्र ही भक्ति की मिठास है- पंडित जी ने स्कंदपुराण का संदर्भ देते हुए कहा कि भगवान राम शबरी के घर नहीं, बल्कि उसके सब्र के द्वार पर गए थे। उन्होंने भक्तों को सचेत किया कि %एक लोटा जल' चढ़ाकर तुरंत फल की इच्छा न करें। जिस तरह मीठा बनाने के लिए आंच धीमी रखनी पड़ती है, वैसे ही भक्ति का फल पाने के लिए धैर्य अनिवार्य है।

पंडित जी ने बताया कि जिसके गले में रुद्राक्ष होता है, शिव उसे स्वयं ढूंढते हुए आते हैं। उन्होंने 63 नयनार भक्तों में से एक भक्तिनिगीत प्रद' की कथा सुनाई जिन्होंने रुद्राक्ष धारियों की सेवा कर शिव को प्राप्त किया। पंडित श्री मिश्रा ने मार्मिक शब्दों में कहा कि सांसारिक वस्तुएं जैसे गाड़ी, बंगला और सोना तो लोन ऋषि पर मिल सकते हैं, लेकिन भक्ति और मुक्ति उधार नहीं मिलती। जब जीवन में अविरल भक्ति का प्रवेश होता है तब मनुष्य पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त होकर शिव सामीप्य प्राप्त करता है। सनातन प्रीमियर लीग देवकीनंदन ठाकुर ने युवाओं के लिए आयोजित भारत की पहली सांस्कृतिक और सामाजिक क्रिकेट लीग के बारे में जानकारी दी जिसका उद्देश्य खेल के माध्यम से बच्चों को धर्म के संस्कारों से जोड़ना है। भगवान गणेश के भजनों से शुरू हुई कथा का विश्राम गणेश विवाह के प्रसंग और सामूहिक आरती के साथ हुआ। पंडित श्री मिश्रा ने भक्तों से आह्वान किया कि कल कथा का अंतिम दिन है, अतः आज की रात पूर्णतः शिव के ध्यान में व्यतीत करें।

# पौधरोपण कर दिलाई पर्यावरण संरक्षण की शपथ, स्वच्छता के प्रति सजगता का संदेश

**जागरण, सीहोर।** शिविर के अंतर्गत परियोजना कार्य स्वरूप एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अतिथियों एवं ग्रामीणजनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेवकों को पर्यावरण संवर्धन एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

परियोजना कार्य के उपरांत प्रथम व्याख्यान महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री अनिल पिपलोदिया द्वारा दिया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को करियर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए स्नातक उपरांत बी.पी.एड. एवं खेल शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। साथ ही स्पोर्ट्स कोटा के माध्यम से कैरियर निर्माण एवं देश का प्रतिनिधित्व करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने खेल क्षेत्र में स्पोर्ट्स साइकोलॉजिस्ट, स्पोर्ट्स डाइटिशियन, फिटनेस ट्रेनर एवं कोच जैसे विविध कैरियर विकल्पों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

इसके पश्चात डॉ. गरिमा सिंह परिहार, शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर ने शिविर की थीम मेरा युवा भारत तथा डिजिटल भारत के लिए युवा के अंतर्गत डिजिटल साक्षरता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताते हुए डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने का संदेश दिया।

डॉ. पुष्पेंद्र सिंह यादव, रसायनशास्त्र विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने देश में बढ़ती मानसिक बीमारियों, तनाव, अवसाद एवं आत्महत्या जैसी समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों को तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या एवं मन की एकाग्रता को मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया तथा मानवीय मूल्यों—स्वयं के प्रति सकारात्मक व्यवहार, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी—पर विशेष बल दिया।

# युवा संगम रोजगार मेले में 161 का प्रारंभिक चयन, आठ को बांटे ऋण के स्वीकृति पत्र

**जागरण, सीहोर।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय महिला आईटीआई सीहोर में युवा संगम (रोज़गार, स्वरोज़गार एवं अप्रेंटिसशिप मेला) का आयोजन किया गया । मेले में जिले की प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रोजगार, स्वरोज़गार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना रहा। रोजगार मेले में कुल 218 युवक/युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनका विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार किया गया। प्रारंभिक रूप से 14 कंपनियों द्वारा कुल 161 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में पुष्कर एग्रोटेक लिमिटेड भोपाल के द्वारा 10, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड सीहोर 15, इंटीग्रेटेड पर्सनल सर्विस लिमिटेड अहमदाबाद 7, एमआरएफ लिमिटेड दहेज (गुजरात) 10, चेकमेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड वडोदरा 14, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल 12, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन लिमिटेड सीहोर 6, एसबीआई लाइफ



सीहोर 6, एन आई आई टी भोपाल, एचडीएफसी एक्सिस बैंक 6, स्वर्ण फर्टिलाइजर एवं केमिकल प्राइवेट लिमिटेड पीलूखेड़ी 9, एचडीएफसी लाइफ 28, ट्राइडेंट ग्रुप बुधनी 11, वर्धमान फैब्रिक्स बुधनी 9 एवं फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी अकैडमी 18 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया । स्वरोजगार विभाग द्वारा युवा संगम कार्यक्रम में मंच पर 8 ग्रामीण/शहरी लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया।

### अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का किया जा रहा है त्वरित निदान

# संकल्प से समाधान में 62 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण

**जागरण, सीहोर।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस अभियान के अंतर्गत 19 फरवरी 2026 तक विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अभियान के तहत कुल 67,301 आवेदन दर्ज हुए, जिनमें से 62,317 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 4,984 प्रकरण लंबित हैं।

सबसे अधिक आवेदन सहकारिता विभाग में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत प्राप्त हुए, जहां 23,263 में से 23,233 प्रकरणों का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 9,094 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8,873 का निराकरण किया जा चुका है। इसी प्रकार राजस्व विभाग में चालू खसरा खतौनी की प्रतिलिपि के 6,297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 4,728 का निराकरण हुआ। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण अनुमति के 6,110 आवेदनों में से 5,977 प्रकरणों का समाधान किया गया।

अभियान के तहत नगरीय विकास विभाग में नो ड्यूज प्रमाण पत्र के 2,560 में से 2,552 आवेदन निराकृत किए गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 424 में से 288 तथा लाडली लक्ष्मी योजना के 311 में से 214 प्रकरणों का निराकरण किया गया। सामाजिक न्याय विभाग में विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत हजारों आवेदनों का समाधान किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्रों के अधिकांश प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया गया है। इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं।



अभियान के तहत आष्टा (ग्रामीण) में 25,069 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 25,068 का निराकरण हो चुका है। भैरूंदा में 7,644 आवेदनों में से 7,061 का निराकरण हुआ, जबकि 583 प्रकरण लंबित हैं। बुधनी (ग्रामीण) में 7,575 आवेदनों में से 5,403 का निराकरण किया गया, 2,172 लंबित हैं। सीहोर (ग्रामीण) में 7,039 में से 5,925 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इछावर (ग्रामीण) में 6,199 में से 5,827 प्रकरणों का समाधान किया गया। अभियान के तहत कोठारी, शाहगंज और जावर नगरीय क्षेत्रों में सभी प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर दिया गया है। अन्य नगरीय निकायों में भी अधिकांश प्रकरणों का समाधान किया जा चुका है। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# नरवाई जलाने पर लगाया प्रतिबंध उल्लंघन किया तो लगेगा जुर्माना



**जागरण, सीहोर।** जिला दंडाधिकारी श्री बालागुरु के. द्वारा सीहोर जिले की खेतों में नरवाई (गेहूं, चना, मसूर के डंठल) जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा और 19 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश में उल्लेख किया गया है कि फसल कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी हेतु कुछ किसानों द्वारा खेतों में आग लगाकर नरवाई नष्ट की जाती है, जिससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता कम होती है, सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं, जनसंपत्ति और प्राकृतिक वनस्पति को नुकसान पहुंचता है तथा आगजनी की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाने से कानून-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। जिले में रोटावेटर जैसे वैकल्पिक साधन उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग कर खेत साफ किए जा सकते हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है और पूरे सीहोर जिले में प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडनीय कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज कार्नर

### कार से टकराई बच्ची हमीदिया में किया भर्ती

जागरण, इटारसी। खेड़ा मिशन कॉलोनी में रहने वालों 11 वर्षीय बच्ची की कार से टक्कर हो गई। वह घर से किराने की दुकान सड़क पार करके जा रही थी। घायल शिवन्या के पिता राजू रावत हिम्माली का काम करते हैं और शिवान्या कक्षा पांचवीं में पढ़ती है। छात्रा का उपचार भोपाल के हमीदिया अस्पताल में चल रहा है। बच्ची के सिर में गंभीर चोट आई है।

### पति ने की मारपीट पत्नी पहुंची थाने

जागरण, इटारसी। रामपुर थानांतर्गत ग्राम सनखेड़ा में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सनखेड़ा निवासी महिला मोनिका अहिरवार 24 वर्ष ने शिकायत दर्ज करायी है कि उसके पति धनराज पिता तुलसीराम अहिरवार 40 वर्ष ने उसे गालियां दीं, मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी है।

### उधारी में शराब मांगी, की मारपीट

जागरण, इटारसी। मालवीयगंज स्थित शराब भट्टी दुकान पर दो लोगों ने उधारी में शराब मांगी और नहीं देने पर एक व्यक्ति से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस के अनुसार प्रिंस पिता सुल्तान यादव 34 वर्ष, निवासी 13 वी लाइन ने शिकायत दर्ज करायी है कि बाबू तिवारी और अंकित तिवारी निवासी मालवीयगंज ने उधारी में शराब मांगी तथा मना करने पर थप्पड़ों से मारा और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

### शिवाजी जयंती पर निकली ऐतिहासिक वाहन रैली

जागरण, इटारसी। छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर विशाल स्वराज्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश जाधव ने बताया कि इस वर्ष 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर विशाल स्वराज्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य युवाओं में छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वराज्य, राष्ट्रभक्ति, साहस, सुशासन और सामाजिक दायित्व के आदर्शों के प्रति जागरूकता जगाना तथा उनके जीवन-मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज



में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और कर्तव्यबोध का संचार करना था।

रैली का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल पर भारत माता की आरती एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के पुष्पाभिषेक के साथ हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यह रैली पुरानी इटारसी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज बस स्टैंड पर पूर्ण हुई। अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा द्वारा रैली का स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में 1350 से अधिक मोटरसाइकिलों पर सवार युवाओं सहित विशाल संख्या में नागरिकों की सहभागिता रही। रैली में छत्रपति शिवाजी महाराज के स्वरूप में राहुल तिवारी तथा जिजामाता के रूप में नमामि एवं निष्ठा जाधव की सजीव प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पूरा नगर जय शिवाजी, जय भवानी के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा और वातावरण स्वराज्य की भावना से ओतप्रोत रहा।

### आज सजेगा विवाह का मंडप, 3 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

जागरण, इटारसी। शहर के महर्षि नगर में मां विजयासन देवी दरबार समिति के तत्वावधान में 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम धार्मिक और सेवाभावी वातावरण में मंदिर प्रांगण में होगा। इस सामूहिक विवाह में तीन जोड़े एक-दूसरे का हाथ थामेंगे। साक्षी पुत्री रवि कुमार सराठे, महर्षि नगर इटारसी और वीरेंद्र पुत्र नर्मदा प्रसाद, भगवान नगर, चापानेर, लक्ष्मी पुत्री मुन्नालाल उईके और दीपेश पुत्र महेश किरोता तथा संगीता पुत्री धनराज कौर और राजा पुत्र ईश्वर सिंह किरोता विवाह सूत्र में बंधेंगे।

---

#### स्टेशन बिल्डिंग निर्माण शुरू, मिलेंगी आधुनिक यात्री सुविधाएं

# बुधनी को मिलेगी नई पहचान : इंदौर-बुधनी रेल लाइन से बनेगा जंक्शन

**जागरण बुधनी।** इंदौर-बुधनी नई रेल लाइन परियोजना से बुधनी के विकास के द्वार खुलने जा रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना के तहत बुधनी रेलवे स्टेशन को जंक्शन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे नगर की पहचान और महत्व दोनों बढ़ेंगे। यह जंक्शन इटारसी और भोपाल के बीच नर्मदापुरम सेक्शन का पहला नया रेलवे जंक्शन होगावर्तमान में इंदौर पहुंचने के लिए यात्रियों को लंबा घुमावदार मार्ग तय करना पड़ता है। नई रेल लाइन बनने के बाद बुदनी से इंदौर की दूरी लगभग 57 किलोमीटर कम हो जाएगी। इससे यात्रा समय में करीब 2 घंटे की बचत होगी। जहां अभी यह सफर लगभग 255 किलोमीटर के आसपास पड़ता है, वहीं नई लाइन के बाद यह दूरी घटकर लगभग 198 किलोमीटर रह जाएगी।करीब 7500 करोड़ रुपये की लागत से बुधनी से इंदौर तक 198 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन का निर्माण कार्य तेज़ी से जारी है। परियोजना के तहत कई बड़े पुल, रेलवे ब्रिज, टनल और आधुनिक ट्रैक बिछाए जा रहे हैं। इंदौर की ओर से टनल निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इस परियोजना का क्रियान्वयन रेलवे विकास निगम द्वारा किया जा रहा है।



बुधनी में जंक्शन स्तर की सुविधाओं से युक्त नए स्टेशन भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिसमें विस्तृत प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पार्किंग, यात्री सुविधाएं और बेहतर कनेक्टिविटी शामिल होंगी। इंदौर से बुध नी के बीच इस नई रेल लाइन पर कुल 18 नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण प्रस्तावित है। धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र सलकनपुर देवी मंदिर के लिए भी एक अलग स्टेशन बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी।इंदौर को प्रदेश की व्यापारिक राजधानी माना जाता है। बुदनी जंक्शन बनने से स्थानीय व्यापारियों को इंदौर और आसपास के क्षेत्रों से सीधा रेल संपर्क मिलेगा। इससे व्यापार, परिवहन और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। नर्मदापुरम, इटारसी और भोपाल की ओर भी बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।क्षेत्रीय संतुलन और पर्यटन को बढ़ावानई रेल लाइन से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि औद्योगिक, कृषि और पर्यटन क्षेत्र को भी लाभ होगा। सलकनपुर धाम और आसपास के धार्मिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना है।कुल मिलाकर, इंदौर-बुदनी रेल लाइन परियोजना बुदनी के लिए गेमचेंजर साबित हो सकती है। जंक्शन बनने से बुधनी की पहचान प्रदेश के प्रमुख रेल नेटवर्क में स्थापित होगी और नगर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

---

## नरवाई जलाने पर सख्त प्रतिबंध

### उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना



**जागरण बुधनी।** जिला दण्डाधिकारी सीहोर द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत एकपक्षीय आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में गेहूं, चना एवं मसूर की कटाई के बाद खेतों में खड़ी नरवाई डंठलोंको जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आज 19 फरवरी से लागू हो गया है और 19 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा।एसडीएम दिनेश तोमर ने बताया कि जिला प्रशासन के अनुसार फसल कटाई के बाद बड़ी संख्या में कृषक खेत साफ करने के लिए नरवाई में आग लगा देते हैं। इससे हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जो पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। साथ ही कई बार आग अनियंत्रित होकर जन-संपत्ति, वनस्पति एवं जीव-जंतुओं को भारी नुकसान पहुंचाती है। विगत वर्षों में ऐसी घटनाओं से गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं और संपत्ति की हानि भी हुई है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नरवाई जलाने से मिट्टी में पाए जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता घटती है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा भूसा और डंठल प्राकृतिक रूप से सड़कर मिट्टी को उपजाऊ बनाते हैं, जबकि उन्हें जलाना ऊर्जा और पोषक तत्वों की हानि है।

इसके अलावा खेतों और खलिहानों से गुजर रही बिजली लाइनों पर अवैध तार जोड़ने से स्पार्किंग के कारण आग लगने की आशंका भी बनी रहती है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है। प्रशासन ने बताया कि अब जिले में रोटोवेटर सहित अन्य आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध हैं, जिनसे डंठलों को खेत में ही नष्ट कर भूमि तैयार की जा सकती है।आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत दंडनीय होगा। साथ ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार पर्यावरणीय क्षति की भरपाई भी करनी होगी।2 एकड़ से कम भूमि वाले लघु कृषक- 2,500 प्रति घटना 2 से 5 एकड़ तक भूमि वाले सीमांत कृषक- 5,000 प्रति घटना5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषक15,000 प्रति घटना जिला दण्डाधिकारी ने निर्देश दिए हैं।

---

## सोसायटी प्रबंधक पर खाद की कालाबाजारी का आरोप

**भैरूंदा।** मार्केटिंग सोसायटी के प्रबंधक मनोहर पवार के विरुद्ध किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। एक ओर जहाँ किसान खाद की किल्लत और ऊंचे दामों पर कालाबाजारी से त्रस्त हैं। वहीं प्रबंधक पर जातिगत अपमान और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप भी लगे हैं। दो अलग-अलग गांवों के किसानों ने प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपकर प्रबंधक को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम छिदगांव मौजी निवासी किसान गोपाल शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि वह गेहूं की फसल के लिए यूरिया लेने पहुंचे थे। जहाँ उन्हें पहले टाल दिया गया और अगले दिन 350 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया दिया गया। किसान का आरोप है कि पूरे सीजन में किसानों को ब्लैक में खाद बेची जा रही है। उन्होंने प्रबंधक के व्यवहार को अमानवीय बताते हुए कहा कि वह किसानों से सीधे मुंह बात करने के बजाय हर वक्त गुस्से में रहते हैं। एक अन्य मामले में ग्राम चादांगहण के किसान तुलसीराम बाकरिया ने आरोप लगाया कि जब वह 16 दिसंबर को खाद मांगने गए तो प्रबंधक पवार ने उन्हें खाद देने से साफ मना कर दिया। किसान का आरोप है कि जब उन्होंने अपनों को खाद बांटने पर सवाल उठाया तो प्रबंधक ने उन्हें जातिगत गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में बीच बचाव करने आए संतोष गौर को भी लठ लेकर दौड़ाया गया जिससे किसान भयभीत हैं।

दोनों ही मामलों में पीड़ित किसानों ने प्रशासन और सहकारिता विभाग के आला अधिकारियों से न्याय की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्रबंधक का व्यवहार व्यावहारिक नहीं है और उनके द्वारा कानून की सीमाओं का भी उल्लंघन किया जा रहा हैं। इस मामले में किसानों ने सहकारिता अधिकारियों से मांग की है कि खाद के स्टॉक और कालाबाजारी की निष्पक्ष जांच हो, वर्तमान प्रबंधक को तत्काल हटाकर किसी जिम्मेदार व्यक्ति को नियुक्त किया जाए। हालांकि जानकारी के मुताबिक इस मामले में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने मार्केटिंग सोसायटी का भ्रमण कर जांच भी की है। इस मामले में अभी तक सहकारिता विभाग की ओर से जांच को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है।

## माताओं को राम रोटी बनाकर बच्चों को खिलाना चाहिए जगत में दानवीर कर्ण जैसा कोई दानी नहीं : पूजा शर्मा

**जागरण, रेहटी।** तहसील के गांव ककरदा मे माता जी हनुमान जी, श्री राधा कृष्ण भगवान की प्रणा प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 18 फरवरी से 24 फरवरी तक सात दिवसीय नव चण्डी महायज्ञ का आयोजन के मंदिर प्रांगण मे पंडित सतीश शास्त्री आचार्य मे 13 जोडे सहपत्नी के साथ मे यज्ञ नारायण भगवान की पूजा-अर्चना करके आहुतियां डाली जा रही है 24 फरवरी को भगवान हनुमान जी अंबे माताजी एवं राधा कृष्ण भगवान की स्थापना की जाएगी और इसी दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा 18 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा का आयोजन भी इन्दौर की सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूजा शर्मा के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया जा रहा है श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पूजा शर्मा पुंजापुरा इन्दौर ने कथा मे बताया कि सत्संग व कथा के माध्यम से मनुष्य भगवान की शरण में पहुंचता है, वरना वह इस संसार में आकर मोहमाया के चक्कर में पड़ जाता है, इसीलिए मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए।



बच्चों को संस्कारवान बनाकर सत्संग कथा के लिए प्रेरित करें। वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते। कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण से पूछा कि भगवान कर्ण का नाम दानवीर कर्ण क्यों कहा जाता है भगवान श्री कृष्णा ने अपनी माया के जरिए एक सोने का पर्वत बनाया और अर्जुन से कहा की अर्जुन आपको इस सोने के पर्वत को 24 घंटे में दान करना है अर्जुन 24 घंटे में थोड़ा सा ही सोने का पर्वत दान कर पाए क्योंकि अर्जुन आदमी को देखकर दान कर रहे थे भगवान ने कहा अर्जुन आप तो पूरा पर्वत दान नहीं कर पाए उसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने कर्ण को कहा कि कर्ण आपको इस सोने के पर्वत को 24 घंटे में दान करना है कर्ण ने नगर में डोडी पिटाई और कहा कि कल सोने का दान किया जाएगा सभी लोग दान लेने आए जैसे लोग दान लेने आए वहां पर कर्ण ने दान लेने वालों से कहा कि आप लोग से जितना इसमें से सोना ले जाना है ले जाइए 1 घंटे में पूरा सोने का पर्वत लोगों को दान कर दिया।

भगवान ने अर्जुन से कहा कि अर्जुन देखा आप मे और कर्ण में क्या फर्क है अर्जुन बोले कि भगवान यह तो उन्होंने लुटा दिया श्री कृष्ण ने कहा की क्या आप का सोने पर्वत था इस प्रकार भगवान कृष्ण ने अर्जुन को समझाया कि आपको तो सोने का पर्वत मैंने दिया था उसको बचा कर क्या करना था और कर्ण ने वही किया कि जो मेरा नहीं उसे दान करने में मेरा क्या जाता है कर्ण पूरा सोने का पर्वत 1 घंटे में दान कर दिया इसलिए कर्ण को दानवीर कर्ण कहा जाता है श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी का कल्याण संभव है। यह बात ग्राम ककरदा में सुनाई जा रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को व्यासपीठ से पूजा शर्मा पुंजापुर ने कथा में उपस्थित महिला- पुरुष भक्त जनों से कही। और कहा कि जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए क? प्रयास करने प?ते हैं, कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जाग्रत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है।यज्ञ नारायण के मुख्य जय यजमान राकेश चौहान, कुबेर सिंह चौहान, राधेश्याम चौहान, लखनलाल जाट, भगवान सिह चौहान, सचिन चौहान, मेहरबान सिंह चौहान, गोलू चौहान, दिनेश पटेल, बलराम जाट, जीवन चौहान सहपत्नी जोडे से यजमान बने है मुख्य यजमान कमल पटेल ने सहपत्नी भागवत महापुराण की महाआरती की गई अंत में प्रसाद वितरण यह आयोजन गांव के सभी धर्म प्रेमी जनता की और सार्वजनिक रूप से किया जा रहा है

## विधानसभा घेराव की तैयारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व नगर अध्यक्ष से की मुलाकात

**जागरण, इटारसी।** आगामी 24 फरवरी को भोपाल में प्रस्तावित कांग्रेस के विधानसभा घेराव आंदोलन को सफल बनाने के लिए नर्मदापुरम जिला कांग्रेस ने कमर कस ली है। इसी तारतम्य में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने आज नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल से उनके निवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच संगठन की मजबूती और आगामी आंदोलन में इटारसी से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर गहन चर्चा हुई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों और स्थानीय मुद्दों पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने के विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, गौरव चौधरी गोल्डी, विक्रांत तिवारी, प्रतीक मालवीय और प्रणीत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ट्रेन एक्सीडेंट में मौत

**जागरण, इटारसी।** केसला थानांतर्गत ताकू के पास एक 40-45 वर्ष के व्यक्ति की ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेक्शन ताकू डाउन ट्रेक किलोमीटर नंबर 760/10-12 के उपडाउन के बीच 5 किलोमीटर दक्षिण में एक अज्ञात का शव मिला है। पुलिस को अंकित श्रीवास पिता अशोक श्रीवास 36 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन ताकू ने सूचना दी।

### मौसम ने ली करवट तापमान में गिरावट, रुक-रुककर चलीं तेज हवाएं

**जागरण बुधनी।** शहर में गुरुवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। देर रात से ही मौसम का मिजाज बदला नजर आया और सुबह होते-होते ठंडी हवाओं ने लोगों को हल्की सर्दी का एहसास करा दिया। तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहावना लेकिन ठंडा हो गया।सुबह का न्यूनतम तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि तापमान बहुत अधिक नीचे नहीं गया, लेकिन उत्तर दिशा से रुक-रुककर चल रही तेज हवाओं ने ठंडक बढ़ा दी। तेज झोंकों के कारण लोगों को सुबह के समय हल्की ठिठुरन महसूस हुई।दिनभर छाए रहे बादल आसमान में आंशिक बादल छाए रहे और बीच-बीच में हवाओं की रफ्तार बढ़ती रही। मौसम में आए इस बदलाव से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर सुबह-शाम के समय लोगों को हल्के गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस हुई।किसानों और आमजन पर असरमौसम में अचानक बदलाव का असर किसानों की फसलों पर भी पड़ सकता है। हालांकि फिलहाल मौसम साफ है, लेकिन तेज हवाएं खेतों में खड़ी फसलों के लिए चिंता का विषय बन सकती हैं। मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सुबह-शाम ठंडी हवाओं से बचने के लिए हल्के गर्म कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों तक हवाओं का असर बना रह सकता है। यदि बादलों की आवाजाही जारी रही तो तापमान में और हल्का उतार-चढ़ाव संभव है। कुल मिलाकर, बुधनी क्षेत्र में मौसम के इस बदलाव ने गर्मी के बीच ठंडक का एहसास कराया, जिससे शहरवासियों को राहत भी मिली और सावधानी की जरूरत भी महसूस हुई।



---

#### 1825 दिनों का कीर्तिमान, भाजपा मंडल ने दोहराया प्रकृति प्रेम

# अमरकंटक से शुरू हुआ शिवराज का पौधरोपण संकल्प बना मिसाल

**जागरण, भैरूंदा (नसरुल्लागंज)।** भारतीय राजनीति में सेवा और संकल्प के संगम के रूप में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है। जो आज केवल मध्य प्रदेश ही नहीं.बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा बन चुका है। 19 फरवरी 2021 को अमरकंटक में माँ नर्मदा की गोद से शुरू हुआ प्रतिदिन एक पौधा लगाने का उनका संकल्प 1825 दिनों के प?ाव को पार कर चुका है। उनके इस संकल्प ने पर्यावरण संरक्षण को एक सरकारी अभियान से बदलकर जन-आंदोलन का रूप दे दिया है। केंद्रीय मंत्री का संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा मंडल ने एक नई पहल करते हुए प्रकृति पूजन एवं पौधारोपण के रूप में एक नए अभियान की शुरुआत की।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 19 फरवरी 2021 को एक संकल्प लिया था। उनका मानना है कि पर्यावरण की रक्षा ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी वसीयत है। इसी के चलते उन्होंने हर परिस्थिति में अपने संकल्प को पूरा किया। इन 5 वर्षों के दौरान वह मध्य प्रदेश की धरा या विदेश की धरती पर मौजूद रहे हो, लेकिन अपने संकल्प को प्रतिदिन पूरा करने के लिए इसे एक जन अभियान बनाया। नतीजा यह है कि आज



जब भी वह किसी कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं तो दो कार्यक्रम उनके लिए महत्वपूर्ण रूप से जुड़े होते हैं जिसमें पहले पौधारोपण और दूसरा कन्या पूजन है। उन्होंने प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक कीर्तिमान रचा है। इसी संकल्प को विस्तार देते हुए उन्होंने एक और परंपरा को राजनीतिक और सामाजिक मंचों पर स्थापित किया है। किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत से पहले कन्या पूजन.करना बेटियों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। चाहे राजनीतिक मंच हो, धार्मिक आयोजन हो या सामाजिक सभा, वह सबसे पहले बेटियों के पांव पखारकर समाज को नारी शक्ति के सम्मान का संदेश देते हैं। उनके यह दोनों संकल्प—प्रकृति की हरियाली और बेटियों की खुशहाली—एक समृद्ध और सुरक्षित भारत की नींव रख रहे हैं।

### प्रकृति पूजन एवं सामूहिक पौधरोपण

पूर्व मुख्यमंत्री के इसी विजन से प्रेरणा लेते हुए भाजपा मंडल भैरूंदा द्वारा प्रकृति पूजन एवं सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया। मंडल के कार्यकर्ताओं ने मिट्टी और पौधों का पूजन कर यह प्रतिज्ञा ली कि वह शिवराज के इस अभियान को गांव-गांव तक ले जाएंगे। कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक पौधे रोपे और उनके पूर्ण संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर मंडल ने वन बचाओ, बेटी बचाओ का सशक्त नारा दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जैसे वृक्ष समाज को जीवन देते हैं। वैसे ही बेटियां समाज का गौरव ब?ाती हैं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिला उपाध्यक्ष ओम पटेल, मंडल महामंत्री कपिल खंडेलवाल, दीनबंधु कुशवाह ,महेंद्र परिहार, मेहरवान सर्राटे, धीरज पटेल, अमित मीणा, लोकेश शर्मा, रामकृष्ण पंवार, राजेंद्र सोनी, योगी जैन, गोल्डी अग्रवाल, अभिषेक दुबे, अरविंद पंवार और पीयूष तिवारी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### शासकीय अस्पताल में खून जांच करवाने आभा आई.डी. अनिवार्य

**खण्डवा।** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में 1 फरवरी से लैब जांच सॉफ्टवेयर को अपडेट किया गया है। इसीलिए अस्पताल में ब्लड सैंपल जांच करवाने हेतु आभा आई.डी.बनाना अब अनिवार्य है। सिविल सर्जन डॉ.अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि ब्लड सैंपल जांच करवाने के लिए आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है,क्योंकि आधार कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा। अतः यदि आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक नहीं है तो उसे लिंक करवा लें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अपना आधार से लिंक मोबाइल फोन साथ लेकर ही अस्पताल आएं। डॉ. कौशल ने बताया कि मरीजों की जांचों की रिपोर्ट को आभा पोर्टल पर सेव किया जाता है।

## आष्टा तहसील के अनेक गांवों में तेंदुए की उपस्थिति आम बात, इसलिए खिवनी अभयारण्य की सीमाओं का विस्तार का काम शुरू हो रहा है

# आरोप: जंगली जानवर गांव में पहुंचे
# हकीकत: इंसानी बस्ती जंगल तक पहुंची

**कभी सिद्धीगंज के आसपास के पचासों ग्रामों में घना जंगल हुआ करता था, इन्ही जंगलों में से होकर आष्टा से कन्नौद जाने वाला मार्ग था। पुराने लोग अक्सर कहते सुने जाते थें कि घाट पर शेर दिखाई दिया, सच तो यह हैं कि तेंदुओं की आमद रफ्त हमेशा से इस क्षेत्र में रही हैं। अनेकों बार शेर के द्वारा मवेशियों पर हमला करने की सूचनाए भी तहसील और जिला मुख्यालय तक पहुंची, लेकिन जांच के बाद अधिकांश मामलों में नाम तेंदुए का ही आया। इसके अतिरिक्त नील गाय, हिरण की उपस्थिति जंगलों में आम हैं। हिरण और नील गाय की संख्या इन दिनों लगातार बड़ती जा रही हैं, जिसके चलते अक्सर सड़क पार करते जंगली जानवरों की उपस्थिति देखना सहज हैं। विभिन्न मार्गो पर यह जंगली जानवर दुघर्टना के शिकार भी बनते हैं। अक्सर पगारियाराम और चिन्नौटा के बीच राजमार्ग पार करते समय कभी वाहन के द्वारा हिरण को टक्कर मार कर घायल करने की जानकारी आती हैं, जो कभी आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर भी इस प्रकार की सूचनाए आती हैं। हकिकत तो यह हैं कि इंसानी बस्ती जंगल तक पहुंच गई हैं और यह वन जगली जानवरों के अपने निवास स्थान हैं। ऐसे में हम भले ही जगली जानवरों पर हमले का आरोप लगाए, लेकिन वास्तविकता तो यह हैं कि हम उनके क्षेत्रों में अतिक्रमण कर रहे हैं। प्राकतिक जल स्त्रोतों का दोहन कर उनको मजबूर कर रहे हैं कि वे हमारे जल स्त्रोंतों तक पहुंचे।**

**जागरण, आष्टा।** खिवनी अभ्यारण से लगी सीमाओं के चलते वन्य प्राणी अक्सर रामपुरा और आसपास के गांवों तक पहुंच जाते हैं। इसी के चलते उनकी ग्राम्यांचलों में उपस्थिति दर्शित होती हैं। कभी सिद्धीगंज में घने जंगल होते थें और यहां पर वन्य प्राणियों की उपस्थिति सहज थीं। कन्नौद घाट पर आष्टा से कन्नौद जाते या आते समय विशेष कर शाम को अक्सर तेंदुए दिखाई दे जाते थें। जंगल कटते गए और वन्य प्राणी गहरे जंगलों में सिमटते चले गए। खिवनी अभ्यारण के बाद वन्य प्राणियों की संख्या में इजाफा हुआ और इसी के चलते उनके अपने क्षेत्र बनने लगे और वन्य प्राणी अपने नए क्षेत्रों में विचरण करने लगे।

यह अलग बात हैं कि इंसानी बस्तियां उनके घरों तक पहुंच गई। और यह कहा जाने लगा कि तेंदुआ, हिरण गांव तक आ रहे हैं। इसी के चलते गत वर्ष लसुड़ियापार में एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ हैं। इस गांव में पहले भी तेंदुए की आमद रफ्त रही हैं। इस तेंदुए को सिंगारचौरी के निकट जंगलों में छोडा गया हैं। यही वह स्थान हैं, जहां से खिवनी अभ्यारण की सीमाए प्रारंभ हो जाती हैं। इसीलिए अब अभ्यारण की सीमाए बड़ाने के लिए आष्टा तहसील के कुछ भाग को खिवनी अभ्यारण का हिस्सा बनाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया हैं। अभी इस योजना पर अमल करने की स्थिति नही आई हैं। लेकिन जिस प्रकार विचार रूप में इसे स्वीकार किया जाने लगा हैं, उसके चलते उम्मीद की जाती हैं कि आज नही तो कल खिवनी अभ्यारण की सीमाओं में इजाफा होगा।



आष्टा तहसील में वन रकबा घट रहा हैं, वन भूमि को जिस प्रकार खेत में बदला हैं, वह वन विभाग की जानकारी में हैं। लेकिन विभागीय स्तर पर अतिक्रमण हटाने की मूहिम बहुत ही कमजोर हैं। शायद अतिक्रमण हटाने में राजनीति आडे आती हैं, जिसके चलते अतिक्रमणकारी भारी नजर आते हैं। जो कुछ वन बचे हैं, उन पर भी कुल्हाड़ी का प्रहार जारी हैं। ईमारती सागौन की जिस प्रकार तस्करी हो रही हैं और वन अधिकारी जिस प्रकार बाइक पर सवार होकर ईमारती सागौन लाने वालो को पकड़ने में नाकामयाब हो रहे हैं, उससे एक बात साफ हैं कि जंगल लगातार कट रहे हैं और इसका नुकसान पर्यावरण पर और जंगली जानवरों पर हो रहा हैं।

## सब्जी मंडी प्रारंभ नही होने से किसानों को फसल लेकर जाना पड़ता है दूर

# किसान परेशान: 10 वर्ष बाद भी जावर में शुरू नहीं हुई सब्जी मंडी



**जागरण, आष्टा।** जावर में अब सब्जी मंडी का अभाव किसानों को खल रहा हैं। इसके न होने से किसान सब्जी उगाने से कतरा रहे हैं, वहीं उपभोक्ता महंगी सब्जी खरीद रहे हैं। किसान सर्दी एवं गर्मी के मौसम में बेहतर सब्जी उगाते हैं, लेकिन मंडी के न होने से उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाता है।

ज्ञात हो कि सब्जी व्यापारियो व किसानो की मांग पर 10 वर्ष पूर्व प्रदेश सरकार ने जावर कृषि उपज मंडी में सब्जी मंडी प्रारंभ करने के लिए स्वीकृति प्रदान हो गई थी, किन्तु वो काम भी लगता है। अधर में ही अटक गया हैं। क्षेत्र के किसान परंपरागत कृषि में बदलाव चाहते हैं और कुछ सब्जी उगाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सब्जी मंडी आष्टा 20 कि.मी. दूर या देवास 45 कि.मी. दूर पड़ती हैं, जो किसानों के लिए महंगी पड़ती हैं। किसान सब्जी को वहां तक ले जाने में किराया देकर सब्जी ले जाते हैं और कई बार भाव उचित न मिलने के कारण जितने की सब्जी बिकती है, उतना ही किराया अदा कर देते हैं। ऐसे में क्षेत्र के किसान कई वर्षो से परेशान है।

इस संबंध में क्षेत्र के सब्जी उत्पादक नेमीचंद्र पाटीदार बरछापुरा, संतोष पाटीदार ग्वाली, बजरंगदास बेरागी खजुरिया, लक्ष्मीनारायण पाटीदार जावर, राजाराम पटेल ग्वाली, इसराईल खां, वहिद खां, ओम पाटीदार, अशोक पाटीदार, सागर पाटीदार, राधेश्याम पाटीदार, कैलाशचद्र पाटीदार, मोतीलाल पाटीदार आदि ने बताते हैं कि जावर तहसील में किसान बहुत अधिक सब्जी पैदा कर रहे हैं। सब्जियों को बेचने के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण मजबूर होकर उन्हें निजी मंडियों में सब्जियां बेचनी पड़ती हैं। यहां उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाते हैं। तहसील के अधिकांश किसानों का मुख्य पेशा सब्जियां लगाकर अपनी रोजी-रोटी कमाना है, लेकिन इन सब्जियों को बेचने के लिए सरकारी मंडी नहीं होने के कारण किसानों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जावर में सरकारी सब्जी मंडी शीघ्र ही व्यापारियो को लाईसेंस देकर प्रारंभ की जाए। किसानों को राहत प्रदान करने की मांग की है।

**10 वर्ष पहले जारी हुई थी अधिसूचना:-** कृषि उपज मंडी में अनाज के साथ-साथ सब्जी की खरीदी को लेकर 2016 को स्वीकृति प्रदान हो गई थी। 14 मार्च 2016 को सब्जी मंडी के लिए अधिसूचना जारी भी हो चुकी है। सब्जी मंडी प्रारंभ करने के लिए व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन होना था। परन्तु इसकी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी।

**तत्कालीन मुख्यमंत्री से की थी सब्जी मंडी की मांग:-** दस वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री के जावर आगमन पर किसानो एवं जनप्रतिनिधियों ने जावर में सब्जी मंडी प्रारंभ करने की मांग पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से की गई थी, इसके बाद सब्जी मंडी की स्वीकृति प्रदान होने पर कृषि उपज मंडी में अब सब्जी मंडी भी शीघ्र ही प्रारंभ होने वाली थी। सब्जी मंडी के लिए अधिसूचना जारी होते ही अधिकारियों द्वारा प्रतिक्रियाऐं प्रारंभ कर दी गई थी परन्तु 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी सब्जी मंडी प्रारंभ नही हो सकी हैं।

**मंडी प्रांगण में हुआ करोड़ो का निर्माण कार्य:-** नगर की कृषि उपज मंडी मे नगर सहित क्षेत्र के अनाज बेचने वाले किसानों को सुविधा मिले इसके लिए मंडी में कई विकास कार्य के लिए मंडी प्रशासन द्वारा करोड़ों के निर्माण कार्य किए जा चुके है। इस दौरान कई करोड़ के निर्माण हो चुके है। वही मंडी समिति द्वारा नये कार्यो की योजनाऐं बनाई जा रही है। मंडी प्रबंधन ने किसानों, व्यापारियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए मंडी परिसर में लाखों के निर्माण कार्य करवाए हैं।

कृषि उपज मंडी जावर के प्रभारी सचिव प्रहलादसिंह बताते हैं कि कृषि उपज मंडी जावर में सब्जी मंडी के लिए अधिसुचना कई वर्षो पूर्व जारी हो गई थी, परन्तु मंडी में स्टाफ की कमी एवं व्यापारियो द्वारा लाईसेंस न लेने के कारण प्रारंभ नही हो सकी थी। स्टाफ की कमी को लेकर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करा दिया गया हैं।

# अतिक्रमण हटाने मांगे थें तीन दिन, बीत गये साठ दिन

## शहर के आंतरिक भागों के साथ राजमार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में

**छात्रावास कॉलोनी के नाले पर जो अतिक्रमण किए गए थें, नगर पालिका उनकी संख्या 21 बताती हैं तथा नोटिस देने के बाद दिसंबर माह 2025 में नगर पालिका और प्रशासन की संयुक्त टीम ने इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए मुहिम शुरू की और एक अतिक्रामक का अतिक्रमण हटाया, शेष ने अतिक्रमण हटाने के लिए समय चाहा, तो प्रशासन ने तीन दिन का समय दिया था। समय की यह मांग विगत 4 दिसंबर 2025 को की गई थी। मांगी गई समय सीमा समाप्त हो गई हैं। इधर अस्पताल के पास जिस प्रकार प्रशासन ने अतिक्रमण हटाया था और अतिक्रमण वाले स्थान पर फैसिंग की थी, अब उसी स्थान पर पुनः अतिक्रमण हो गया हैं, जिसके कारण पुराना इंदौर भोपाल राजमार्ग सकरा हो गया हैं। यातायात का दबाव और अतिक्रमण के चलते शाम के समय दुर्घटना का अंदेशा बड़ता जा रहा हैं।**

**जागरण, आष्टा।** नगर पालिका की माने तो कुल 21 लोगो ने अतिक्रमण किया हैं, इनमें पट्टे से मिले भू-खण्ड पर प्राप्त भूमि से अधिक भूमि पर निर्माण करने और पट्टे पर प्राप्त आवासीय भू-खण्ड को अन्य को विक्रय करने वाले शामिल हैं। नियमों की बात की जाए तो शासन द्वारा दी जाने वाली पट्टा भूमि को विक्रय करने का अधिकार किसी को नही हैं। लेकिन स्टांप पर जिस प्रकार पट्टा भूमि की खरीदी बिक्री हुई हैं, वह अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि नगर पालिका द्वारा बीते 5 वर्षो में इस और ध्यान नही दिया। जब पट्टा प्रदान किया गया था और प्रदत्त आवासीय भू-खण्ड पर निर्माण किया गया, तब से लेकर अब तक किसी ने यह सत्यापित करने का प्रयास नही किया कि जो निर्माण किया गया हैं, वह किसके द्वारा किया गया हैं। नतिजा अतिक्रमण के रूप में सामने आया।

नगर पालिका का कहना हैं कि अतिक्रमण पांच वर्ष पुराना हैं, यदि तभी ध्यान दे दिया जाता, तो बहुमूल्य शासकीय भूमि अतिक्रमण से बच जाती और अन्य जरूरत मंद लोगो को यह भूमि उपलब्ध हो जाती। न केवल शहर में बल्कि पगारियाराम से लगाकर डोडी तक राजमार्ग पर भी अतिक्रमण तेजी से बड़ा हैं। खड़ीजोड से डोडी के बीच जिस तेजी से पेड़ काटकर ढाबे बनाए हैं, वह तो प्रशासन की जानकारी में हैं। बड़ी बात यह हैं कि अब शासकीय भूमि पर बीमकालम से मकान बनाए जा रहे हैं। इस कारण फूडरा जलाशय के आसपास का वन क्षेत्र लगातार कुल्हाडी का शिकार हो रहा हैं। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में सागौन के वृक्ष मौजूद हैं और इनकी ही कटाई कर ढाबे के नाम पर शेड बनाए गए हैं। भोपाल नाका स्थित कन्नौद रोड़, मुगली रोड़ और इंदौर भोपाल राजमार्ग भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। यहां पर रोजाना ही यातायात प्रभावित होता हैं। बुधवार को यह समस्या और भी विकट हो जाती हैं।

## खाटू श्याम सेना ट्रस्ट ने किया शिव बारात का स्वागत



**जागरण अकोदिया।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पशुपतिनाथ भक्त मंडल झंडा चौक के तत्वाधान में शिव बारात निकाली गई जिसका टप्पा चौराहा पहुंचने पर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया एवं महिला मंडल द्वारा स्टॉल लगाकर फरीयाली चिप्स पैकेट वितरण कर स्वागत किया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल जिला, अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत, दीपक अग्रवाल, आयुष चांडक, शरद जैन, महिला मंडल जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी, नगर अध्यक्ष मीनाक्षी चौरासिया, हनी गुप्ता, नीलम चौरासिया, शीला सोनी, ममता धाकड, मानसी चौरासिया, ममता सोनी, रीता अग्रवाल, शीतल सोनी, मुस्कान खत्री सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थिति रहे।

## दो दिवसीय योग शिविर

**जागरण शाजापुर।** वृद्धजनों के स्वास्थ्य संवर्धन और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा हाट मैदान स्थित गरासिया घाट पर दो दिवसीय योग शिविर एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गिर्राज बाथम ने बताया कि शिविर में गुरूवार को 56 वृद्धजनों को योग प्राणायाम के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईया वितरीत की गई। सभी वृद्धजनों को स्वास्थ्य वर्धक स्वल्पाहार जैसे अंकुरित आहर और फलों के ज्यूस की व्यवस्था की गई। शिविर में आयुष विभाग से डॉ. दिनेश गुर्जर, डॉ. सीमा बड़िया, डॉ. दिव्या दुबे एवं पैरामेडिकल स्टॉफ से बी.एस. हनोतिया, आदित्य निगम, रईस मंसूरी, दिनेश पंवार, घनश्याम चौहान एवं योग प्रशिक्षक के रूप में यशपाल शर्मा एवं रोड़सिंह राठौर आदि ने अपना योगदान दिया। शिविर में आरोग्य भारती के योग प्रभारी मनोहरलाल सोनी, ज्योतिप्रकाश माथुर एवं राजेन्द्र रिणवा ने सहयोग दिया। शिविर कल 20 फरवरी 2026 को भी जारी रहेगा।

## शांति समिति की बैठक 23 फरवरी को

**शाजापुर।** आगामी समय में आने वाले होली रंगपंचमी, श्रीरामनवमी, ईद-उल-फितर, महावीर जयंती एवं अन्य त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के लिए 23 फरवरी 2026 को शाम 5 बजे कलेक्टर कार्यालय शाजापुर में रखी गई है।

# कलेक्टर की दो टूक, किसी भी हालत में न हो होम डिलीवरी लापरवाही करने पर 108 एंबुलेंस संचालक को नोटिस

### गर्भवती महिलाओं की निजी केंद्रों पर होगी फ्री सोनोग्राफी

**जागरण शाजापुर।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को शून्य पर लाने के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ऋजु बाफना ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी स्थिति में होम डिलीवरी (घर पर प्रसव) नहीं होनी चाहिए और न ही इलाज के अभाव में घर या रास्ते में किसी की मृत्यु होनी चाहिए।

### एंबुलेंस संचालक को नोटिस, एएनएम को लगाई फटकार

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाया। 108 एंबुलेंस के सुव्यवस्थित संचालन न होने पर उन्होंने संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ताकीद की कि एंबुलेंस में ऑक्सीजन सहित सभी जीवन रक्षक सुविधाएं हर समय उपलब्ध रहें ताकि हाई-रिस्क मरीजों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया जा सके। इसके अलावा, मो. बड़ोदिया ब्लॉक में एएनसी की कमजोर प्रगति पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और एएनएम रितिका जोशी व दीपिका मुवेल के काम पर असंतोष जताया। उन्होंने संबंधित बीएमओ को क्षेत्र में एएनसी पंजीयन, एचआरपीडब्ल्यू और एनीमिया ट्रैकिंग सुधारने के सख्त निर्देश दिए।



### गंभीर कुपोषित बच्चे अनिवार्य रूप से हों भर्ती

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी और सीडीपीओ को निर्देश दिए गए कि अति गंभीर कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में भर्ती कराया जाए। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जाएगा। इन अहम बिंदुओं पर भी हुई समीक्षा-बैठक के दौरान कलेक्टर ने मातृ-शिशु मृत्यु दर, मलेरिया, टीबी, एनसीडी, टीकाकरण, हेपेटाइटिस-बी, एसएनसीयू, आभा आईडी निर्माण और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों के नियमित निरीक्षण के निर्देश भी दिए।

### गर्भवती महिलाओं और नवजातों पर विशेष फोकस

कलेक्टर बाफना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि शासन की योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए निजी अस्पतालों और सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा तत्काल शुरू कराई जाए। नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्होंने हर महीने के पहले सप्ताह में एक्सक्लूसिव ब्रेस्ट फीडिंग (स्तनपान जागरूकता) कार्यक्रम अनिवार्य रूप से चलाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं की सटीक सूची बनाने और आभा आईडी पर सभी जांचों का डाटा दर्ज करने को कहा गया है।

# भगवान परशुराम प्राक्ट्योत्सव समारोह 24 अप्रैल को



### 26 को निकालेंगे वाहन रैली और शोभायात्रा, यात्रा संयोजकों का किया मनोनयन

**जागरण शाजापुर।** भगवान श्री परशुराम के प्राकट्योत्सव कार्यक्रम को लेकर सर्व ब्राह्मण द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बीते दिनों नई सड़क स्थित धर्मशाला में बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाजजनों ने विचारविमर्श किया और यात्रा संयोजकों का मनोनयन भी किया। इस वर्ष भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में 24 अप्रैल को वाहन रैली और 26 अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक का आयोजन सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया। सर्व ब्राह्मण समाज युवा अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का संपूर्ण ब्यौरा अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही सर्व ब्राह्मण समाज शाजापुर के द्वारा पूरे वर्षभर मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा समाज के वरिष्ठों की उपस्थिति में तैयार की गई। समाज के सभी वरिष्ठों की सहमति से इस वर्ष भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा 26 अप्रैल रविवार को निकालने की निर्णय लिया गया। शोभायात्रा बालवीर हनुमान मंदिर वजीरपुरा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः बालवीर हनुमान मंदिर पर ही पहुंचकर संपन्न हुआ और यात्रा समापन के पश्चात समस्त विप्र बंधुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व दिनांक 24 अप्रैल शुक्रवार के दिन विशाल वाहन यात्रा निकाली जाएगी, जो राज राजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए भगवान श्री परशुराम मंदिर दुपाड़ा रोड पर समाप्त होगी। वाहन यात्रा के पश्चात भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती होगी एवं प्रसाद वितरण होगा।

**परशुराम सेना करेगी वाहन यात्रा का नेतृत्व**-इस वर्ष वाहन यात्रा श्री परशुराम सेना के नेतृत्व में निकाली जाएगी एवं भगवान के परशुराम जी की शोभायात्रा के लिए बैठक में पंडित गौरव दुबे, अरूण शर्मा सरपंच बमोरी और अरुण शर्मा ग्राम बरवाल को शोभायात्रा संयोजक नियुक्त किया गया है। सर्व ब्राह्मण समाज ने बताया कि इस वर्ष समाज का रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है। पंडित भूपेंद्र शर्मा को पुनः तीन वर्ष के लिए युवा अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया।

### वार्ड प्रभारी किए नियुक्त

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूरे शाजापुर को आठ वार्डो में विभक्त कर समस्त आठ वार्डो के प्रभारी नियुक्त किए गए। बैठक में पंडित राज शर्मा को परशुराम सेना का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का बैठक में उपस्थित समस्त विप्र बंधुओं द्वारा पुष्प हार द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित महेंद्र आचार्य ने किया एवं आभार पंडित राजीव व्यास ने माना। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# पुरानी रंजिश में साले ने जीजा पर किया चाकू से हमला, आरोपी फरार

**जागरण शाजापुर।** पारिवारिक रंजिश के चलते एक युवक ने बीच सड़क पर अपने ही जीजा पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना जिले के ग्राम भरड़ की है, जहां एक कार्यक्रम से लौट रहे दंपती का रास्ता रोककर इस वारदात को अंजाम दिया गया। हमले में घायल जीजा का अस्पताल में इलाज चलने के कारण गुरुवार को कोतवाली थाने में नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार देवास जिले के खातेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम अजनास निवासी 25 वर्षीय सुनील पिता इमरत लाल पिंडयार अपनी पत्नी मंजू के साथ ग्राम भरड़ आया था। यहां उसकी बड़ी सास के घर एक पारिवारिक कार्यक्रम आयोजित था। 16 फरवरी की दोपहर करीब एक बजे जब सुनील अपनी पत्नी के साथ बाइक से वापस लौट रहा था, तभी शिव मंदिर और ब्रिज के बीच उसके बड़े साले जितेंद्र तंवर (निवासी पिपल्या) ने उनका रास्ता रोक लिया। फरियादी सुनील के मुताबिक, पुरानी पारिवारिक रंजिश को लेकर जितेंद्र ने पहले उसे गालियां देना शुरू कर दिया। जब सुनील ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी लात-घूंसों से मारपीट करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि जितेंद्र ने जेब से चाकू निकाला और सुनील की दाहिनी जांघ पर वार कर दिया। अचानक हुए इस हमले से सुनील लहूलुहान होकर गिर पड़ा।

बीच सड़क पर हुई इस घटना के दौरान सुनील की पत्नी मंजू और छोटे साले अमृत ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। परिजनों ने तत्काल घायल सुनील को शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गुरुवार दोपहर फरियादी ने कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी जितेंद्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## देवास पुलिस ने भैंस चोरी मामले में आरोपियों से की पूछताछ

**जागरण शाजापुर।** भैंस चोरी के मामले में देवास पुलिस ने गुरुवार को अहम कार्रवाई करते हुए आरोपियों से पूछताछ की। इससे पहले शुजालपुर पुलिस ने क्षेत्र में हुई भैंस चोरी की वारदातों के सिलसिले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार, देवास निवासी हिम्मत सिंह पवार के मक्सी रोड स्थित क्रेशर प्लांट से दो भैंस तथा पास के एक किसान के खेत से दो अन्य भैंस चोरी कर ली गई थीं। मामले में फरियादी ने बीएनपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। देवास पुलिस ने इसी प्रकरण में शुजालपुर थाने में बंद आरोपियों से पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि देवास से चोरी की गई भैंसों को राजस्थान में बेच दिया गया।

**थाना प्रभारी का बयान**-थाना शुजालपुर के टीआई प्रवीण पाठक ने बताया कि भैंस चोरी के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। देवास क्षेत्र में हुई वारदात के संबंध में देवास पुलिस द्वारा पूछताछ की गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# कलेक्टर का एक्शन, फार्मर रजिस्ट्री में लापरवाही पर तीन नायब तहसीलदारों का वेतन कटा

**जागरण शाजापुर।** जिले में प्रशासनिक कार्यों और शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कलेक्टर ऋजु बाफना ने सख्त रुख अपना लिया है।

किसानों से जुड़े फार्मर रजिस्ट्री कार्य में धीमी प्रगति और असंतोषजनक प्रदर्शन के चलते कलेक्टर ने जिले के तीन नायब तहसीलदारों पर गाज गिराते हुए उनका दो दिन का वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं। इस कार्रवाई से राजस्व अमले में हड़कंप मच गया है।

**समीक्षा बैठक में सामने आई लापरवाही**-जानकारी के अनुसार विगत 17 फरवरी को कलेक्टर बाफना ने जिले में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री अभियान की विस्तृत समीक्षा बैठक ली थी। इस बैठक में जिले के समस्त भू-धारकों के फार्मर पंजीयन और उनकी जमीनों को पोर्टल पर दर्ज करने के कार्य की प्रगति जांची गई। समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि कुछ तहसीलों में अधिकारियों का कार्य तय लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है और कार्यप्रणाली बेहद असंतोषजनक है। **इन तीन अधिकारियों पर हुई कार्रवाई**-कलेक्टर ने जिन तीन नायब तहसीलदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की है, उनमें जितेन्द्र चौरसिया, नायब तहसीलदार, बेरछा, मुकेश गुप्ता, , घनश्याम लौहार है।

## न्यूज कार्नर

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**देवास।** एक विवाहित महिला ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बैरागढ़ में रहने वाली शीतल पति सुनील रावत ने बुधवार देर रात अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय वह अपने बेटे के साथ घर पर अकेली थी। महिला का पति सुनील रावत खेती का काम करते हैं। शीतल की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतका का मायका बरोठा के पास हीरापुर में है।

### शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 4 बाइक जब्त

**देवास।** गत 25 जनवरी को सुपर मार्केट स्थित कपड़े की दुकान शालीमार कलेक्शन से कोई अज्ञात बदमाश मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 37 एमएस 8091 चुरा ले गया था। मामले में फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी थी। मामले में नाहर दरवाजा टीआई अमित सोलंकी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए, जिसमें आरोपी द्वारा घटनाकारित कर भागना कैद हुआ। सीसीटीवी फूटेज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी ध्रूव उर्फ दुर्प चौहान पिता अनिल चौहान उम्र 18 साल निवासी ग्राम कंजर डेरा ओढ़ थाना सोनकच्छ जिला देवास को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साईकिल के अलावा सीहोर जिले से चोरी की गई तीन मोटर सायकिल जब्त की गई।

### लक्ष्य समाधिया को जेईई मेन परीक्षा में 98 प्रति. परसेंटाइल

**देवास।** गत दिवस जेईई मेन परीक्षा परिणाम घोषित हुए। कठिन



परीक्षा के परिणाम में पूरे देश में 12 बच्चों ने 100 प्रतिशत परसेंटाइल अंक प्राप्त किए। इसी परिणाम में पत्रकार रघुनंदन समाधिया पुत्र लक्ष्य ने कड़ी मेहनत कर 98 प्रतिशत परसेंटाइल अंक प्राप्त कर शहर एवम परिवार को नाम रोशन किया। लक्ष्य की इस बड़ी सफलता पर समस्त स्नेहीजनों, समाधियां परिवार, सर्व ब्राह्मण समाज, केमिस्ट परिवार एवं पत्रकार साथियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### रमजान माह शुरू, मुस्लिम समाज जुटा इबादत में



**सोनकच्छ।** बुधवार को चांद दिखने के बाद मुस्लिम समाज के रमजान माह की शुरुआत हुई। समाजजनो ने एक-दूसरे को चांद की मुबारकबाद दी। रात्रि 9 बजे मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। गुरुवार सुबह 4 बजे सेहरी की गई, इस दौरान अधिकांश महिला-पुरुष व बच्चों द्वारा रोजे रखे गए। गुरुवार संध्या 6.29 बजे अजान के बाद रोजा खोला गया। मुस्लिम समाज में रमजान महीने का खास महत्व होता है। पूरे महीने में लोग रोजा रख कर अल्लाह की इबादत करते हैं। मान्यता है कि इस महीने में पैगंबर मोहम्मद को कुरान की आयतें मिली थी। इसके बाद से ही इस्लाम में इस महीने में रोजा रखने की परंपरा शुरू हुई।

### अचानक बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

**पीपलरावां।** बीती शाम 5 से शाम 7 तक हुई बूंदाबांदी से एक बार फिर किसानों की उम्मीद धरी की धरी रह गई है। समीपस्थ ग्राम लकुमड़ी के हेमराज सिंह राजपूत ने बताया कि अचानक हुई बारिश से क्षेत्र के किसान बहुत दुखी हुए है। एक तो गेहूं की बाली पर वजन था, वहीं मावठे की वर्षा से अधिक वजन होने के कारण गेहूं की फसल चौपट हो गई। उन्होंने शासन से मांग की है कि तत्काल गांव सहित क्षेत्र में अनावरी करवाई जाए और किसानों को मुआवजा राशि दी जाए।

# राधागंज से चेन व मंगलसूत्र झपटने वाले ओडिशा और गुजरात से पकड़ाए

**40 पुलिसकर्मियों ने 800 सीसीटीवी खंगाले, आरोपी मप्र सहित अन्य राज्यों में कर चुके हैं वारदात**




**देवास।** महिलाओं के मंगलसूत्र और सोने की चेन लूटने वाले एक गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 6 लाख 45 हजार रुपए का सामान जब्त किया। पुलिस के अनुसार गिरोह ने देवास में राधागंज निवासी रुकमणि शर्मा तथा उषा नवरंगे के गले से सोने की चेन झपटने की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं रतलाम में भी एक वारदात की थी। पुलिस टीम ने करीब 1300 किलोमीटर दूर तय कर एक आरोपी को ओडिशा के गंजाम जिले से पकड़ा। जबकि दो अन्य को गुजरात के सूरत से लगभग 500 किलोमीटर दूर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने देश के अलग-अलग राज्यों में 50 से अधिक लूट की वारदातों को अंजाम दिया है। इन वारदातों का खुलासा करने के लिए पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम चलाया। इसके तहत 40 पुलिसकर्मियों की चार टीमों ने लगातार 40 दिनों तक 800 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फूटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फूटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 सोने की चेन, एक सोने का पेंडेंट, 2 मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त किया है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत लगभग 6.45 लाख रुपए बताई जा रही है। इस गिरोह का पर्दाफाश करने में बीएनपी टीआई प्रीति कटारे, थाना प्रभारी नाहर दरवाजा अमित सोलंकी सहित उड़ीसा व गुजरात के पुलिस थानों, साइबर सेल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### एक महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने कान्हू चरण बधई पिता घनश्याम बधई उम्र 30 साल निवासी ग्राम झिटीकाबाड़ी पोस्ट खंडरु जिला गंजम उड़ीसा हालमुकाम शांति मोहल्ला सूरत गुजरात, धवल कुमार पारेख पिता दिनेश भाई पारेख उम्र 42 साल निवासी रिलायंस पेट्रोल पंप के पास सयान सूरत गुजरात और रेखाबाई पति धवल कुमार पारेख उम्र 40 साल निवासी कृष्णा कॉम्प्लेक्स फ्लैट क्रमांक बी-401 सूरत गुजरात को गिरफ्तार किया हैं।



# मॉकड्रिल : जिला अस्पताल में लगी आग, फंसे लोग

**देवास।** जिला अस्पताल में संभावित अग्नि दुर्घटना से निपटने की तैयारी को परखने के उद्देश्य से राज्य आपदा प्रबंधन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान अस्पताल के फायर स्टाफ और एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्य का प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के तहत यह परिदृश्य तैयार किया गया कि जिला अस्पताल में आग लग गई है और तीन लोग अंदर फंस गए हैं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर अस्पताल में फंसे तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू किए गए घायलों को एंबुलेंस की सहायता से तत्काल



उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान पूरी कार्रवाई को योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया, ताकि आपात स्थिति में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। एसडीआरएफ अधिकारी मधु तिवारी ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल प्रशासन और बचाव दल की तैयारियों का परीक्षण करना तथा यह सुनिश्चित करना है कि आग जैसी आपदा की स्थिति में फंसे लोगों को सुरक्षित और शीघ्र बाहर निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभ्यास भविष्य में होने वाली संभावित घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटने में सहायक साबित होते हैं।

# 18 दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम उपकरण किए वितरित



**खातेगांव।** विकासखंड खातेगांव विधायक आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग में किया गया, जिसमें 18 दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ललित गुर्जर ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। आज हम खातेगांव विकासखंड में शिक्षा विभाग के अंतर्गत 18 दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम उपकरणों का वितरण कर रहे है, निश्चित ही इन उपकरणों के माध्यम से हमारे दिव्यांग बच्चों की दिनचर्या में अनुकरणीय बदलाव एवं उन बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी विरेंद्रसिंह राजावत, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मायाराम धनवारे, मनीष पटेल, सतीश मित्तल, कचरू सावले, गोविंद गौरा, राजेश यादव, ओ.पी. शर्मा, अतुल टेलर, बीईओ मनोज उपाध्याय, बीआरसी प्रभारी कैलाश ठाकुर सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सोनकच्छ में नियम विरुद्ध चल रहे निजी स्कूल

**नियम विरुद्ध संचालित स्कूलों की मान्यता समाप्त करने उठी आवाज**

**सोनकच्छ।** शिक्षा विभाग की उदासीनता और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से सोनकच्छ क्षेत्र में सैकड़ों निजी स्कूल नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए संचालित हो रहे हैं। नगर सहित पूरे ब्लॉक में संचालित इन स्कूलों में न तो खेल के मैदान हैं, न ही विद्यार्थियों के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं। कुछ स्कूल नियम विरुद्ध विवाह गार्डन, मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत बने मकानों में चल रहे हैं, जहां पढ़ाई का माहौल तो दूर, बच्चों के बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं है। वैसे भी गार्डन विभिन्न आयोजन के लिए तथा आवास योजना अंतर्गत बने मकान रहने के लिए बनाए गए है ना कि व्यवसायिक उपयोग के लिए। आश्चर्य तो इस बात को लेकर है कि कुछ स्कूल तो किसानों के खेतों पर बने गोदामों में ही चल रहे है, जहां प्याज गोबर आदि की दुर्गन्ध आ रही है। सूत्रों के अनुसार इस बारे में प्रशासनिक अधिकारियों से की गई शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होना उनकी मिलीभगत को उजागर करता है। नगर के प्रबुद्धजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे सभी नियम विरुद्ध संचालित स्कूलों की मान्यता तत्काल समाप्त की जाए और इसमें शामिल शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।




### बुनियादी सुविधाओं का अभाव

अधिकांश स्कूलों में न तो खेल का मैदान है, न ही छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय ओर ना ही पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षक। विवाह गार्डन और छोटे-छोटे मकानों में संचालित हो रहे इन संस्थानों में मूलभूत आवश्यकताएं पूरी नहीं हो पाती। बावजूद इसके शिक्षा विभाग द्वारा इन्हें मान्यता दे रखी है, जिससे विभागीय जांच की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

### सुरक्षा से खिलवाड़

अधिक लाभ कमाने के लालच में स्कूल संचालक बच्चों को लाने-ले जाने के लिए कंडम वाहन चला रहे हैं। ये वाहन न तो आरटीओ के मापदंडों पर खरे उतरते हैं और न ही उनके फिटनेस प्रमाण पत्र है। हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकांश वाहन घरेलू गैस से चलाए जा रहे हैं, जो किसी भी हादसे में बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है। इसके अलावा कई स्कूलों में अयोग्य शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जा रही है, बच्चों का भविष्य अंधकारमय है।

---

**आपके द्वारा** मामला संज्ञान में लाया है। जांच दल गठित कर निजी विद्यालयों की शीघ्र जांच कराकर नियम विरुद्ध संचालित स्कूलों के खिलाफ प्रतिवेदन बनाकर आगामी कार्यवाही के लिए जिला शिक्षा एवं जिला परियोजना समन्वयक अधिकारियों को भेजे जाएंगे।

**सी.एल. पेठारी, सहायक संचालक शिक्षा, सोनकच्छ**

# कोटवार संघ की चेतावनी : वर्दी भत्ता नहीं मिला तो होगा आंदोलन

**हाटपीपल्या।** जिले के कोटवारों को शासन आदेशानुसार गर्म व ठंडी वर्दी, जूते, बैटरी, बेल्ट एवं टॉर्च आदि सामग्री की राशि खाते में नहीं डाले जाने से नाराज मप्र आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने गुरूवार को हाटपीपल्या नायब तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है। संघ जिलाध्यक्ष अम्बाराम मालवीय ने बताया कि यदि 19 मार्च 2026 तक भुगतान नहीं किया गया तो 20 मार्च 2026 को जिला मुख्यालय स्थित सयाजी द्वार पर जिलेभर के कोटवार एकत्रित होंगे। वहां से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। नायब तहसीलदार को दिए आवेदन में बताया कि भोपाल के कलेक्टर द्वारा अधीनस्थ तहसीलदारों को पत्र जारी कर कोटवारों के खातों में राशि जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसकी छायाप्रति भी संलग्न की गई है।



इसके बावजूद देवास जिले में आदेश का पालन नहीं हुआ है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि कोटवार ग्रामीण प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उन्हें मूलभूत आवश्यकताओं के लिए मिलने वाली राशि समय पर मिलना उनका अधिकार है। ज्ञापन के दौरान इंदरसिंह, गुलाबसिंह, शंकरलाल, जितेन्द्र टप्पा, भावसिंह, मानसिंह, शमी मोहम्मद, समंदरसिंह, चंदरसिंह, जीवन सिंह, गौतम लाल, देवीलाल, संतोष, हर्नासिंह, अनिल वर्मा, मेहरबानसिंह, मदनलाल सहित बड़ी संख्या में कोटवार उपस्थित थे।

# दुर्घटना संकेतक बोर्ड असामाजिक तत्वों ने फाड़े

**पीपलरावां।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बीच असामाजिक तत्वों ने पुलिस द्वारा लगाए गए दुर्घटना चेतावनी संकेतक बोर्ड को फाड़कर फेंक दिया। हालांकि पुलिस प्रशासन ने दोबारा नया साइन बोर्ड लगाने की बात कही है। पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशानुसार जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पीपलरावां थाना प्रभारी सुबोध गौतम के नेतृत्व में सूरजना फाटा को दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित करते हुए वहां चेतावनी साइन बोर्ड लगाए गए थे। बताया गया है कि उक्त स्थान पर पूर्व में तीन लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो चुकी है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वाहन चालकों को सतर्क करने के उद्देश्य से संकेतक बोर्ड स्थापित किए थे। बोर्ड पर वाहन चालकों से धीमी गति से वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित रूप से गंतव्य तक पहुंचने की अपील की गई थी। इस संबंध में टीआई गौतम का कहना है कि लगाए गए साइन बोर्ड को असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़कर फेंक दिया गया है। पुलिस जल्द ही वहां नया बोर्ड लगवाएगी और ऐसे तत्वों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें और सड़क सुरक्षा अभियान में सहयोग करें।



# जय शिवाजी के नारों से गूंजा शहर, निकली वाहन रैली



**देवास।** श्री क्षत्रिय मराठा समाज पब्लिक ट्रस्ट द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती के उपलक्ष्य में 19 फरवरी को शहर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान पूरा शहर जय शिवाजी, जय भवानी के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। युवा वर्ग और सर्वसमाजजन भारी उत्साह और श्रद्धा के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल हुए। समन्वयक अध्यक्ष उमेश निम्बालकर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः 10 बजे समाज भवन से वाहन रैली का शुभारंभ हुआ। सैकड़ों दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों का काफिला शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अनुशासित रूप से आगे बढ़ा। भगवा ध्वज लहराते युवाओं ने पारंपरिक परिधान-दुपट्टा और पगड़ी-धारण कर मराठा शौर्य और संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। रैली का समापन भोपाल चौराहा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर हुआ, जहां विक्रमसिंह पवार द्वारा विधिवत माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर समाजजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र नायक के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के सचिव राजेन्द्र लाड़ एवं कार्यकारिणी अध्यक्ष सुभाष शिंदे ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए शिवाजी महाराज के जीवन, पराक्रम और सुशासन की प्रेरणादायी गाथाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से छत्रपति के आदर्शों-साहस, स्वाभिमान और राष्ट्र भक्ति को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रकाश देशमुख, राजेन्द्र खानविलकर, नरेन्द्र पिशाल, अमितराव पवार, हिन्दू सिंह दरबार, संजय शुक्ला, समरजीत जाधव, विनोद वारे, माधवराव दमदरे, गजानंद देशमुख, श्यामराव बोराडे, मनोज पवार, मधुकर राव, रमन देशमुख सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाजजन उपस्थित रहे।

# त्यौहारों को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**देवास।** आगामी होली और रमजान पर्व को लेकर शहर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से देवास पुलिस द्वारा शहर भर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। सीएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी थानों का पुलिस बल मार्च में शामिल हुआ। उन्होंने शहरवासियों एवं समाजजनों से अपील की कि वे आपसी भाईचारे और समन्वय के साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्यौहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखी जाएगी।

### भौंरासा में पुलिस एवं प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**भौंरासा।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद व एसडीओपी दीपा मांडवे के निर्देशानुसार आगामी होली, रंगपंचमी, रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु भौंरासा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। उक्त फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत करना तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का भय उत्पन्न करना था। फ्लैग मार्च में नवागत भौंरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। यह फ्लैग मार्च एमजी रोड से पूरे नगर में होते हुए थाना परिसर पर समाप्त हुआ।

**।। जाहिर सूचना ।।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने मनोहर पिछोलिया पिता कनीराम पिछोलिया जाति कलोता निवासी ग्राम नराना एवं भूमि स्वामी ग्राम खोनपीरपीपल्या तह. सोनकच्छ जिला देवास म.प्र. प.ह.नं. 46 में स्थित सर्वे नं. 388/2/2 कुल रकबा 0.3000 हेक्टर भूमि ग्राम में स्थित हैं का सौदा कर विक्रेता ने हमारे पक्षकार से आंशिक राशि प्राप्त कर ली हैं यदि उक्त संपत्ति पर पारिवारिक वाद, विवाद, बटवारा, कब्जा, सीमांकन, रास्ता तथा डिक्री, कुर्की संबंधित विवाद सक्षम न्यायालय में लंबित होने या शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक संस्था, व्यक्ति विशेष का बकाया होने तथा किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र, दान पत्र, अनुबंध पत्र आदि संव्यवहार होने की दशा में प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधी में मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद म्याद उक्त संपत्ति का ई-पंजीयन हमारे पक्षकार अथवा उनके प्रतिनिधी के पक्ष में निष्पादित करवा लिया जावेगा अवधी बाह्य किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर प्रथम हक हमारे पक्षकार का माना जावेगा।

दिनांक 20/02/2026

भवदीय
**श्रीधर जोशी, अधिवक्ता**
**योगेश जोशी, अधिवक्ता**
म.गा. मार्ग, सोनकच्छ
जिला देवास म.प्र.
मोबा.नं. 9300480423